# कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो में निर्मित नालियों की वृहद् स्तर पर साफ–सफाई एवं आगामी मानसून (वर्षा ऋतु) को ध्यान में रखते हुए अगले छः माह के लिए नगर पंचायत, लातेहार में सफाई कर्मी के पद पर संविदा आधारित कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में कार्य दिवस में जमा कर सकते है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैं :–

1. **आवेदन प्राप्ति की तिथि – 30.04.2025 से 10.05.2025 (अपराहन् 05:00 बजे) तक**
2. **आवेदन की स्क्रूटनी की तिथि – 13.05.2025 एवं 14.05.2025**
3. **चयनित आवेदकों के मेधा सूची का प्रकाशन – 17.05.2024**

निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त संविदा आधारित नियुक्ति में कार्यरत सफाई कर्मियों से नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत निर्मित नालियों की सफाई कराई जायेगी।

<u>संविदा की नियम एवं शर्त्त –</u>

1. नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में सफाई कर्मी के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदकों को आवेदन के साथ आधार कार्ड, पहचान पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (जहॉ तक शिक्षा ग्रहण किये हो) बैंक पास बुक की छाया प्रति, संबंधित पद पर पूर्व में किये गये कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र यदि हो तो, दो अदद फोटोग्राफ एवं स्वस्थ होने का शपथ पत्र आवेदन के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।
2. सफाई कर्मी का पद संविदा आधारित होगा। जिसे किसी भी समय समाप्त करते हुए एक माह पूर्व सूचना देकर कार्य से मुक्त कर दिया जायेगा। इस पद पर सरकारी सेवा हेतु कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। 40 वर्ष से अधिक आयु वाले आवेदक के द्वारा श्रमिक के रूप में कार्य करने हेतु किया गया आवेदन अमान्य होगा। स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार में निबंधित आवेदक जो सफाई कर्मी के रूप में कार्य करना चाहते हो, उन्हे प्राथमिकता दी जायेगी। जिसका प्रमाणक आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. नगर पंचायत, लातेहार में कुल **30 अदद** सफाई कर्मियों का चयन किया जायेगा एवं संविदा राशि के रूप में प्रतिमाह **11596.00 (ग्यारह हजार पांच सौ छियान्वे)** भुगतान किया जायेगा। संविदा की अवधि **छः माह** की होगी, किये गये कार्य के मुल्यांकन एवं आवश्यकतानुसार सेवा विस्तारित की जा सकती है या कार्य से मुक्त किया जा सकता है। जिसके लिए कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
5. सफाई कर्मियों का चयन नगर पंचायत, लातेहार द्वारा गठित समिति के द्वारा किया जायेगा। तैयार किये गये चयनित कर्मियों की मेधा सूची का प्रकाशन नगर पंचायत, लातेहार के सूचना पट्ट पर किया जायेगा एवं बाद में अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता पड़ने पर तैयार किये गये मेधा सूची अनुसार कर्मियों को संविदा पर रखा जायेगा।
6. नगर पंचायत, लातेहार द्वारा तैयार किये गये मेधा सूची अगले एक वित्तीय वर्ष (2025–26) के लिए मान्य होगा।
7. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालय में ही मान्य होगा।
8. उपरोक्त प्रकाशित किये गये सूचना को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।